
SUNDAY | 16.03.2025 | चैत्र कृष्ण-द्वितीया विक्रम संवत-2081 | दिल्ली-एनसीआर

अमर उजाला

G नगर वर्ष 22 | अंक 336 | पृष्ठ: 16+4 | मूल्य: चार रुपये | नई दिल्ली | • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण



कांग्रेस ने असम में शांति स्थापित नहीं होने दी

पेज 11

पूर्वोत्तर पहुंचे गृह मंत्री ने कहा- पीएम मोदी यहां खुशहाली लेकर आए

# हिंडन एयरपोर्ट के सामने बनेगी चार लेन की सड़क

निशा ठाकुर

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट पर उड़ानों की संख्या बढ़ते ही यहां की सुविधाओं में इजाफा किए जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रबंधन की ओर से रेंटल कार का टेंडर कर दिया गया है वहीं मेट्रो स्टेशन तक शटर बस सेवा भी शुरू करने की तैयारी है। इन सबके बीच अब जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के सामने की सड़क को चार लेन करने की योजना बनाई है। सड़क को चार लेन करने के लिए जिला प्रशासन ने आवास विकास परिषद से जमीन की मांग की है।

हिंडन एयरपोर्ट के सामने वर्तमान में 24 मीटर की दो लेन सड़क है। अब तक यहां से पांच से छह फ्लाइट की ही उड़ान थी। वहीं अब 11 फ्लाइट की उड़ान हर दिन है और करीब 1200 से अधिक यात्रियों का आवागमन इस सड़क से है। इसी सप्ताह शनिवार और रविवार को दो अन्य राज्यों की फ्लाइट भी शुरू हो रही है।ऐसे में एयरपोर्ट सड़क पर ट्रैफिक बढ़ना लाजिमी है।

बढ़ते ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने आविप से जमीन की मांग की है, ताकि सड़क काचौड़ी करण हो सके। आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता अजय कुमार मित्तल ने बताया कि जिला प्रशासन ने जमीन की मांग की है। इस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के बराबर में अजंतापुरम योजना की जमीन है। योजना के तहत यहां परिषद के साथ ही कई समितियों की भी जमीन है। जिला प्रशासन को सड़क के चौड़ीकरण के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। दोनों ओर हरियाली भी बढ़ाई जाएगी।

## एयरपोर्ट पर बढ़े सुरक्षाकर्मी

एयरपोर्ट पर उड़ानों की संख्या बढ़ने पर निदेशक की ओर से करीब 70 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। इसमें से अभी तक 14 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी हिंडन एयरपोर्ट की मिल चुके हैं। हिंडन एयरपोर्ट डायरेक्टर उमेश यादव ने बताया कि प्रयागराज में कुम्भ के दौरान जो सुरक्षा कर्मी तैनात थे उन्हें हिंडन एयरपोर्ट भेज दिया गया है। ऐसे में एयरपोर्ट पर वर्तमान समय में 80 से अधिक सुरक्षाकर्मी हो चुके हैं। अन्य सुरक्षा कर्मियों की भी जरूरत है। जल्द ही वह भी आयेंगे। होली के बाद इनके आने की उम्मीद जताई जा रही है। वर्तमान समय में हिंडन एयरपोर्ट पर एसएसएफ की पांचवीं सहारनपुर वाहिनी तैनात हैं।